सार-समाचार

अध्यक्ष शर्मा का स्वागत

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। राज. ब्राह्मण महासभा ने राधेश्याम शर्मा बड़गांव को गुर्जर गौड़ समाज का प्रांतीय अध्यक्ष चुने जाने पर स्वागत अभिनन्दन किया। संरक्षक चंद्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में सदस्यों ने मुख्य चौराहे पर नवनियुक्त अध्यक्ष को साफा बंधवाकर हर्ष व्यक्त किया। अयोध्या रामलला सेवा समिति अध्यक्ष आचार्य राजानंद शास्त्री अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जिलामंत्री सुशील दाधीच, उपखंड मंत्री बालमुकुंद शर्मा, युवाध्यक्ष राजेश शर्मा, महिला अध्यक्ष पुष्पा शर्मा, कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा, रामचंद्र रिणवा, प्रेमसागर शर्मा, मनमोहन शर्मा, राजेंद्र सारस्वत, पीयूष पाराशर, ओमप्रकाश तिवाड़ी, मदनलाल खांडल, महेश शर्मा, रमाकांत शर्मा, सत्यनारायण पंचगौड, राजेंद्र हटीला, ललित पाराशर, सत्यनारायण शर्मा, मनोज शर्मा, केशव चतुर्वेदी, ललित पाराशर, मनोज दाधीच, मनोज शर्मा, विनोद पाराशर ने इनका स्वागत किया।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया

अजमेर, (कासं)। राजकीय जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय में यूनिट 11 राज बी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल अजय दाधीच के निर्देशो की पालना में सामाजिक एवं सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। जिसमें द्वितीय एनसीसी अधिकारी सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के महत्व और आयोजन के बारे में जानकारी दी गई यूनिट से हवलदार कृष्णा सिंह ने केडेट को विज्ञान के बारे में समझाया, प्रधानाचार्य रश्मि शर्मा ने कैडेट को नए-नए अन्वेषण की जानकारी दी और शशि कला राठी उपप्राचार्य ने भी केडेट को संबोधित किय। राठौड़ ने बताया कि कैडेट की 'जय विज्ञान जय अनुसंधान' विषय पर निबंध व पोस्टर प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई गई. जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कैडेट्स को पुरस्कारों का वितरण भी किया गया

सम्मान समारोह आज

अजमेर, (कासं)।मुस्लिम वेलफेयर एंड एजुकेशन समिति संस्था के बैनर तले मुस्लिम समाज की प्रतिभाओं को सम्मान समारोह कार्यक्रम रविवार को जेएलएन मेडिकल कॉलेज के डॉ.भीमराव आंबेडकर सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि रामनिवास मेहता, अध्यक्ष के रूप में एडिशनल एसपी नूर मोहम्मद खान, विशिष्ट अतिथि के रूप में रेलवे अस्पताल के डॉ.इमरान खान, अंजुमन शेखजादगान के सचिव शेखजादा इज़हार चिश्ती व एसोसिएशन मुस्लिम प्रोफेशनल्स के आमिर इदरीसी और भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज इमरोज़ खान अब्बासी भी शिरकत करेंगे।

गुणीजनों की प्रशंसा जरूर करनी चाहिए : डॉ. राजमती मसा

अजमेर, (कासं)। मणिपुंज सेवा संस्थान में परम पूज्या शताब्दी गौरवान्वित महाश्रमणी गुरु माता महासती श्री पुष्पवती म सा आदि ठाणा 7 के पावन सानिध्य में पर्युषण पर्व का चतुर्थ दिवस गुण ठाहण का संदेश लेकर आया। धर्म सभा को संबोधित करते हुए उपप्रवर्तिनी सदगुरुवर्या डॉ. राजमती मसा ने फरमाया सम्यक दृष्टि व्यक्ति विवेक के साथ गुणवान की दिल से प्रशंसा करता है। गुणवान की प्रशंसा करने से अपने गुणों में अभिवृद्धि और अच्छाइयों को फैलाने में मदद मिलती है। ऐसा करने से स्वयं के भाव भी निर्मल बनते हैं। योग्य व्यक्ति की प्रशंसा करने से पुण्य कर्म का बंध होता है, वहीं गुणवान व्यक्ति कभी भी अपनी प्रशंसा की कामना न करे क्योंकि अपनी प्रशंसा सुनने की अभिलाषा से अपना ज्ञान क्षय हो जाता है। दूसरों के गुणों की प्रशंसा करने में आनंद की अनुभूति करने से, गुणों को धारण करने से पापी भी पुण्यशाली बन सकता है। साध्वी डॉ. राज रश्मि मसा ने कल्पसूत्र के माध्यम से वर्धमान कुमार के भगवान महावीर स्वामी तक की यात्रा के दौरान करुणा, दया, सहिष्णुता, समता का वर्णन किया। विपत्तियों में निर्भयता, विषय भोगों में अनासक्ति के लिए मुक्ति की साधना में एकाठाता, सब जीवों की दुर्गति से रक्षा के लिए मैत्री भाव आज भी अनुकरणीय है। साध्वी डॉ. राज ऋद्धि म सा ने फरमाया सुसंस्कार जीवन की पहली सीढ़ी है। संस्कारित इंसान का चरित्र उज्जवल रहता है और वह पुरुषार्थ करने में अठाणीय रहता है। दोपहर 2 बजे पैंसठिया छंद का सामूहिक जाप हुआ, इसके बाद कल्पसूत्र का मूल वाचन हुआ। प्रतिक्रमण में भी श्रावक श्राविकाएं बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

विशाल भजन संध्या आज

अजमेर (कासं)। पुष्कर रोड, नौसर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मन्दिर में बाबा रामदेव जी महाराज का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। बाबा रामदेव मन्दिर सेवा समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल के अनुसार विशाल भजन संध्या का आयोजन रविवार,24 अगस्त को रात्रि 8.15 बजे किया जाएगा। भजन संध्या में विख्यात भजन गायक नरेन्द्र मिश्रा व दीपक शर्मा एवं पार्टी द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत बाबा रामदेवजी का भव्य नयनाभिराम श्रृंगार कर सवा ग्यारह किलो का मिल्क केक काट कर श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा।

समिति की बैठक गुरूवार को

भीलवाड़ा। जिला सड़क सुरक्षा समिति की वर्ष 2025-26 की माह अगस्त की बैठक कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत भीलवाड़ा में गुरूवार 28 अगस्त को आयोजित होगी। यह जानकारी अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ने दी।

मालखाना निस्तारण विशेष अभियान

ब्यावर (निसं) मालखाना निस्तारण विशेष अभियान में जिला पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। एसपी रतन सिंह आईपीएस के निर्देशन में 07 से 22 अगस्त तक अभियान चलाया गया था। जिले के विभिन्न थानों से कुल 541 जब्त मालों का निस्तारण किया गया। निस्तारण के अंतर्गत आबकारी अधिनियम के 163, जुआ अधिनियम के 53 और मोटर वाहन अधिनियम के 206 प्रकरण शामिल थे।

आक्रोश रैली

ब्यावर (निसं) पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार विभिन्न संगठनों द्वारा की ज्वलंत मुद्दों और मांगो को लेकर विशाल आक्रोश रैली निकाई गई और बताया गया की वर्तमान समय में चल रही गतिविधियाँ न केवल अनुचित एवं असंवैधानिक हैं, बल्कि इससे समाज में असंतोष, असुरक्षा और विघटन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस गम्भीर परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल संज्ञान लेकर शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण किया जाना न्यायोचित एवं आवश्यक है।

संयुक्त बैठक

ब्यावर (निसं)राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन व राधाकृष्णन शिक्षिका सेना की जिला स्तरीय संयुक्त बैठक प्रदेश सभाध्यक्ष नारायण सिंह पंवार के सानिध्य में आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष बलराज सिंह राठौड ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष विजय सोनी ने शिक्षक समाज की समस्याओं को सरकार के समक्ष पुरजोर तरीके से रखने की बात कहते हुए शीघ्र समाधान का विश्वास दिलाया।

उन्होंने शिक्षा विभागीय कार्यो में पारदर्शिता लाने और न्यायसंगत कार्यशैली के लिए शीघ्र स्थानांतरण नीति लागू करने की बात कही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश सभाध्यक्ष नारायण सिंह पंवार ने संगठन की उपलब्धियों और संगठन की रीति-नीति पर प्रकाश डाला। जिलामंत्री मनीष जनागल ने बताया कि बैठक में आगामी माह में होने वाले जिलास्तरीय शैक्षिक सम्मेलन की रुपरेखा पर चर्चा की गई तथा अधिकाधिक संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही।

4 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

■ अजमेर शहर खंड प्रथम एवं द्वितीय में पाइपलाइन व अन्य संबंधित कार्यों के अंतर्गत पहाड़गंज में उच्च जलाशय का निर्माण किया गया था

अजमेर, (कासं)। केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी' राज्य सरकार के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी एवं अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल द्वारा शनिवार को क्षेत्र में लगभग 4 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण कर शुभारंभ किया गया। जल योजना अजमेर शहर खंड प्रथम एवं द्वितीय में पाइपलाइन व अन्य संबंधित कार्यों के अंतर्गत पहाड़गंज में उच्च जलाशय का निर्माण किया गया था। इसकी लागत 289 लाख आई थी। इसके लोकार्पण से चांदमारी, शिव कॉलोनी, जाटिया कॉलोनी, नाई बस्ती, गुर्जर बस्ती, गुर्जरवास, सिंधुवाड़ी, मलुसर रोड, के के कॉलोनी, सुखाड़िया नगर, खटीक बस्ती, ईसाई मोहल्ला एवं आशागंज रोड के लगभग 22 हजार व्यक्तियों को लाभ मिलेगा। साथ ही अंतिम छोर पर पर्याप्त जल दबाव भी प्राप्त होगा। जेपी नगर टंकी का लोकार्पण- इसी प्रकार मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अंतर्गत जेपी नगर में 700 किलोमीटर क्षमता के एक उच्च जलाशय का निर्माण भी किया गया था। इसके निर्माण पर 86.16 लाख की लागत आई। इस उच्च जलाशय को भरने के लिए नाका मदार से आने वाली 300 एमएम व्यास की राइजिंग पाइप लाइन में से नई पाइपलाइन बिछाई गई। इससे माधव कॉलोनी, विनायक नगर एवं एचबी नगर के अंतिम छोर पर भी पर्याप्त जल दबाव पहुंचेगा। इससे क्षेत्र की 7494 जनसंख्या लाभान्वित होगी। नवीन सडक का लोकार्पण- सीता गौशाला से गंगा माता मंदिर तक बनी सड़क का भी लोकार्पण किया गया। इस पर 18.50 लाख की लागत आई थी। इससे स्थानीय निवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि सरकार आमजन को पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। जल जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। प्रत्येक परिवार को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। इसके परिणाम भी आपको नजर आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सब को साथ लेकर 2014 से विकास की नई यात्रा आरंभ की थी। इसी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ईआरसीपी रामसेतु परियोजना जैसे बड़े विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए प्रयासरत हैं। डबल इंजन की सरकार से विकास कार्यों को गति मिली है। यह कार्यकर्ताओं के परिश्रम का फल है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि किसी समय में अजमेर पेयजल की समस्या से जूझ रहा था। पूर्ववर्ती सरकार में 96 घंटे के अंतराल में पेयजल सप्लाई की जाती थी। उन्हीं संसाधनों का उपयोग करके वर्तमान सरकार ने उचित प्रबंधन से पेयजल सप्लाई का समय घटाकर 48 से 72 घंटे के मध्य कर दिया है। यह सब सिस्टम में सुधार करने से संभव हुआ है।

अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल ने कहा कि शनिवार को प्रातः से ही लगातार वर्षा हो रही है। यह इंद्रदेव के द्वारा अमृत वर्षा की जा रही है। क्षेत्र के विकास कार्य को देखकर भगवान इंद्र भी मेहरबान हुए हैं। क्षेत्र की आवश्यकताओं के संबंध में जलदाय मंत्री से मांग भी की गई।

नवनिर्मित इंफ्रास्ट्रक्चर का लोकार्पण

भीलवाड़ा। हिन्दुस्तान जिंक रामपुरा आगुचा माइंस द्वारा अरनिया चैहान ठाम में नव निर्मित इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यो, उच्च प्राथमिक विद्यालय अरनिया चैहान में एक कक्षा-कक्ष, प्रार्थना शेड, बालक बालिकओं हेतु शौचालय एवं गाँव में हैंडपंप का लोकार्पण किया गया। कंपनी के सीएसआर कार्यक्रम समाधान एवं अन्य सामाजिक विकास योजनाओं के तहत शुरू की गई इन पहलों का उद्देश्य स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना है।

लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि आईबीयू सीईओ रामपुरा आगुचा माइंस राममुरारी, विशिष्ठ अतिथि मजदूर संघ के महामंत्री महेन्द्र कुमार सोनी, अध्यक्ष महेन्द्र सिंह चैहान सरपंच इटीडीया महादेव गुर्जर, हेड एडमिन एवं एक्सटर्नल रिलेशंस अभिमन्यु सिंह राणावत, डिप्टी हेड सीएसआर अभय गौतम, सीएचआरओ मोहम्मद अली, हेड सिक्योरिटी अजय शर्मा एवं यूनिट हेड एचआर निकेश दाधीच उपस्थित थे। इस अवसर पर स्थानिय जनप्रतिनिधियों ने सामुदायिक विकास के प्रति हिन्दुस्तान ज़िंक की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा समुदाय के लिये किये जा रहे कार्यो से क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिरण, कौशल विकास एवं कृषि के क्षेत्र में बढ़ावा मिला है। इस अवसर पर राम मुरारी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि हिन्दुस्तान जिंक सतत विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका सुधार के लिए प्रतिबद्ध है और ये नव-उद्घाटित परियोजनाएँ उस प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

प्रत्येक पहल के साथ, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढाँचे, आजीविका और पर्यावरणीय आवश्यकताओं को एकीकृत तरीके से संबोधित करते हुए हिन्दुस्तान ज़िंक समठा सामुदायिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कंपनी का दीर्घकालिक दृष्टिकोण आत्मनिर्भर समुदाय का निर्माण करना है जो इसके व्यवसाय के साथ-साथ विकसित हों, तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए समावेशी और सस्टेनेबल प्रगति सुनिश्चित करें।

एक लाख रूपये शिव महापुराण कथा के लिए भेंट

■ श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी जी महाराज के सान्निध्य में 9 से 15 सितंबर तक मेडिसिटी ग्राउंड आज़ाद नगर में होगा

भीलवाड़ा। विश्व विख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की मेवाड़ भूमि पर भीलवाड़ा में पहली बार श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी जी महाराज के सान्निध्य में 9 से 15 सितंबर तक मेडिसिटी ग्राउंड आज़ाद नगर में होगा। इस कथा को लेकर भीलवाड़ा की लोगों में उत्साह बना हुआ ओर सभी सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं। कथा आयोजन के लिए सहयोग राशि जुटाने के दौरान एक प्रेरणादायी एवं भावपूर्ण प्रसंग आज़ाद नगर क्षेत्र में कैंसर पीड़िता की पहल से सामने आया। श्री शिव महापुराण कथा समिति के कार्याध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने बताया की कथा आयोजन के लिए आज़ाद नगर क्षेत्र में आयोजन समिति के मंत्री बद्रीलाल सोमानी, रामेश्वर ईनाणी, दिनेश सेन, रोहित गगरानी जन सहयोग के लिए विभिन्न परिवारों से संपर्क कर रहे थे। एक परिवार लांपिया बनेड़ा के नारायण सिंह बल्ला ने कॉल करके कहा की उसकी पत्नी कैंसर पीड़िता है और वह कथा के लिए समर्पण करना चाहती हे, आप घर पधारे। समिति के सदस्य वहां पहुंचे तो परिजनों के संग कैंसर पीड़िता श्रीमति भंवर कंवर नारायण सिंह बल्ला ने एक लाख रुपए अपने कर कमलों से समर्पित किए। उन्होंने कहा की में नियमित उनकी कथा टीवी पर सुनती हूं और भीलवाड़ा की कथा में मेरा शरीर यहां रहेगा पर मेरा मन पांडाल में रहेगा। इस अवसर पर उनके पुत्र पुत्रियां भी उपस्थित थी। समिति के पदाधिकारियों ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और कथा पांडाल में पधारने का भी आठाह किया।

रोगियों को परामर्श दिया

भीलवाड़ा। श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं अन्धता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श मोतियाबिंद शिविर आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया जिसमें 40 नेत्र रोगियो को परामर्श किया गया इस शिविर में सत्येंद्र तोतला स्नेहलता अर्पित तोतला की सेवाएं सराहनीय रही। समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा फेको सर्जन द्वारा नेत्र रोगियों की निशुल्क जांच कर उन सभी जरूरतमंद रोगियों के स्पर्श हॉस्पिटल में ऑपरेशन किए गए रोगियों को निशुल्क दवाइयां व काले चश्मे वितरित किए दंत रोग शिविर में डॉ रोहित बसेर द्वारा दांतों के विभिन्न रोगियों की निशुल्क जांच की।

आज होंगे अजयमेरु शिक्षक संघ के चुनाव

अजमेर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा अजयमेरू का वार्षिक चुनाव रविवार को तोपदड़ा स्थित संघ कार्यालय में कराया जाएगा। निर्वाचन कार्य चुनाव अधिकारी सतीश चंद्र शर्मा की देखरेख में होगा, ताकि प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष व पारदर्शी रहे।

मतदान पूर्व ही सभी उम्मीदवार नामांकन दाखिल करेंगे, यदि किसी पद पर एक से अधिक दावेदार सामने आते हैं तो उसी दिन मतदान कराया जाएगा और शाम तक परिणाम घोषित किए जाएंगे। उपशाखा अजयमेरू के अध्यक्ष रोहिताश सारस्वत ने बताया कि चुनाव में 552 पंजीकृत मतदाता अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष सहित उपशाखा कार्यकारिणी के सभी पद निर्धारित करेंगे। साथ ही जिला महासमिति सदस्य तथा प्रदेश महासमिति सदस्य के प्रतिनिधियों का भी चयन इसी प्रक्रिया से होगा। चुनाव अधिकारी शर्मा ने बताया कि मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतपेटियों की सील संबंधित उम्मीदवारों के समक्ष लगेगी और मतगणना भी उनकी मौजूदगी में की जाएगी।

आम सूचना

मेरी दादी चम्पा पत्नी नन्दा उर्फ जगन्नाथ जाति नट निवासी गांव कुचील, तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास 4 नवंबर 1990 को हो गया। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार के समक्ष आवेदन किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति को एतराज अथवा आपत्ति हो तो तहसीलदार किशनगढ़ के समक्ष में मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर संपर्क करें।

प्रार्थी-शिवराज नट पुत्र देवीलाल नट

10 सितंबर को दिव्यांग उपकरण वितरण

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। बाबा साहेब स्व रतनलाल पाटनी की पुण्य स्मृति में आर के फाउंडेशन (आर के मार्बल) के आर्थिक सहयोग से आर के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित निःशुल्क दिव्यांग उपकरण चयन शिविर के दौरान 245 दिव्यांगो का चयन किया गया। आर के मार्बल चेयरमैन अशोक कुमार पाटनी ने बाबा साहेब स्व. रतनलाल पाटनी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का अवलोकन किया।

भामाशाह अशोक पाटनी ने शिविर का अवलोकन किया।

भामाशाह अशोक पाटनी ने दिव्यांगों से रूबरू होते हुए कहा की कोई भी सुझाव समस्या हो तो बताये, सेवा के जरिये जरुरतमंद को नेत्र ज्योति देने के अलावा दिव्यांग को उपकरण उपलब्ध कराने के लिये सदैव तैयार है। दिव्यांगो ने उपकरण के चयन होने पर पाटनी परिवार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। लायंस क्लब किशनगढ़ क्लासिक व महावीर विकलांग समिति के संयुक्त तत्वावधान में 10 सितंबर को कम्युनिटी सेंटर में सुबह 9 बजे से दोपहर तीन बजे तक दिव्यांग को निःशुल्क उपकरण वितरण किया जायेगा। सचिव रमाकांत काबरा ने बताया कि चयन शिविर में कुल 245 दिव्यांग मौजूद रहे, जिसमें से 42 को ट्राईसाइकिल, 33 को व्हील चेयर, 29 को जयपुर फूट, 56 को कैलिपर, 31को बैसाखी, 6 को कृत्रिम हाथ वितरण के लिये चयन किया है।

महावीर विकलांग समिति से अशोक शर्मा द्वारा चयन प्रक्रिया की। संयोजक राजेश पाटनी, सुनील केजरीवाल व निखिल सारडा ने बताया कि 10 सितंबर को जयपुर फुट व कृत्रिम हाथ भी लगा दिये जाएंगे। आर के मार्बल से सीएसुभाष अगरवाल, महावीर कोठारी, लायंस क्लब पूर्व प्रान्तपाल श्यामसुंदर मंत्री, संभागीय अध्यक्ष हरीश गर्ग, रामप्रकाश शर्मा, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन रमेश तापड़िया ने शिविर का अवलोकन किया। क्लब अध्यक्ष अमित अगरवाल, निखिल सारडा, मुकेश गोयल, नरेंद्र मेहता, मुकेश जैन, महेंद्र नाहर, संजय गोयल, पदम जैन, अविनाश पाटनी, अजय गंगवाल, राजीव लोढ़ा, पंकज बंसल, मनोज गोधा, पीयूष पाराशर, रोहित मेहता, सुशील बंसल, विनोद पाटनी, चंद्रकांत अजमेरा, जितेंद्र पहाड़िया, अनिल शर्मा, दिनेश गोधा, नितिन मैनावत, मुकेश झालानी, अजय जैन, अशोक गंगवाल, शिल्पी अगरवाल, पिंकी पाटनी, आभा पाटनी, मानसी गोयल,ज्योति सारडा, सूर्यकांता बंसल, गजल आदि ने सहयोग किया।

कहीं रुक-रुक कर तो कहीं रिमझिम बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा

■ सड़कों पर बहा पानी, गर्मी से मिली लोगों को राहत

अजमेर, (कासं)। शहर में शनिवार तड़के से रिमझिम फुहारें जारी हैं। कहीं रुक-रुक कर तो कहीं तेज बौछारों ने जयपुर रोड, वैशाली नगर, बजरंगगढ़ व दरगाह बाजार की सड़कों को जलमग्न कर दिया। चार दिन से बदले मौसम ने अधिकतम तापमान को 34.2 से गिराकर शनिवार को 27.8 डिग्री सेल्सियस पर ला दिया, न्यूनतम तापमान भी 25.2 से घटकर 23.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। ठंडी हवाओं ने उमस भरी गर्मी से राहत दी। सुबह शुरू हुई बारिश की वजह से दफ्तरों में उपस्थिति कम और बाज़ारों में चहल पहल धीमी रही। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान के ऊपर बना चक्रवाती परिसंचरण तंत्र सक्रिय है, जिससे अगले एक सप्ताह तक मानसून सक्रिय बने रहने की संभावना है। विभाग ने शनिवार को मध्यम वर्षा, 25 अगस्त को हल्की से मध्यम बारिश और 29 अगस्त तक छिटपुट तेज बौछारों का पूर्वानुमान जारी किया है। शहर में हुई बारिश ने एक बार फिर नगर निगम के दावों की पोल खोल दी। महावीर सर्किल, गंज, दरगाह बाजार, मदार गेट क्षेत्र में पानी सड़कों पर आ गया। कई इलाकों में क्षतिग्रस्त सड़कें भी परेशानी का सबब बनी हुई है। विशेषज्ञों की मानें तो 27 डिग्री के आसपास का अधिकतम पारा आने वाले दिनों में और गिर सकता है।

दुकानों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की

भीलवाड़ा। आबकारी आयुक्त राजस्थान उदयपुर के निर्देशानुसार भीलवाडा जिले में चलाये गये विशेष अभियान का सफल आयोजन किया गया।जिला आबकारी अधिकारी गौरव मणि जौहरी ने बताया कि 21 दिन चले अभियान में आबकारी वृत्त (टीम आसीन्द, भीलवाड़ा, गंगापुर, माण्डलगढ़, शाहपुरा) जिला भीलवाड़ा में 04 महत्वपूर्ण, 21 साधारण, 10 एम.आर.पी., 01 टाइमिंग, 15 अन्य (बी.एल.सी.) सहित 51 अभियोग दर्ज किये गये।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक आज

भीलवाड़ा। अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में दिवाकर कमला दरबार में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के अष्ट दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन के चौथे दिन शनिवार को अरिहन्त भवन में जिनवाणी श्रवण करने के लिए श्रावक-श्राविकाएं बारिश के बीच इस कदर उमड़े कि विशाल प्रांगण छोटा प्रतीत हुआ। तेला तप करने वाले करीब 700 तपस्वियों का सामूहिक पारणा भी सुभाषनगर स्थानक में कराया गया। पर्युषण के पांचवे दिन रविवार को प्रवचन के दौरान ही भगवान महावीर जन्म कल्याणक प्रसंग मनाया जाएगा। चौथे दिन धर्मसभा में साध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने "उज्जवल भविष्य की ओर युवा" विषय पर प्रवचन में कहा कि भारत के पास दुनिया में सबसे बड़ी युवा शक्ति है। युवा व्यसन मुक्त जीवन जीकर देश का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ समाज बदल सकते है,रिवाज बदल सकते है। कल को बदलने से पहले आज का बदलना होगा। युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद जैसे व्यक्तिव प्रेरणास्त्रोत होने चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को उज्जवल भविष्य के लिए शराब, सिगरेट, बीडी, गुटखा, तंबाकू जैसे नशे ओर व्यसन से खुद को बचाना होगा। ये नशा जिंदगी को बर्बाद कर देता है।

युवा होटल कल्चर से भी बचे ओर शराब व मांसाहार से खुद को दूर रखे। नौजवान सुधर गए तो देश का भविष्य बदल जाएगा। हमे भारतीय संस्कृति पर गर्व होना चाहिए ओर पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से बचना चाहिए। साध्वी कुमुदलताजी ने कहा कि विदेशों में जाए तो हमारी वेशभूषा भारतीयता के अनुरूप होनी चाहिए। हमे घर में विदेशी उत्पादों का मोह त्याग अधिकाधिक स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए। धर्मसभा में स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने कहा कि पर्युषण महापर्व आस्त्रव को छोड़ संवर की ओर बढ़ने, बुराई छोड़ भलाई करने, अधर्म का त्याग कर धर्म की ओर बढ़ने, पाप को छोड़ पुण्य की तरफ बढ़ने का अवसर है।

कलयुग में पुण्य कम पाप ज्यादा होता है। जिनशासन आराधकों के लिए पर्युषण जीवन की गाड़ी सुधारने का अवसर बनकर आता है। उन्होंने मधुर प्रेरणादायी भजन " पाप खपाने आए है आज" की प्रस्तुति भी दी। धर्मसभा में वास्तुशिल्पी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने अतंगडदशा सूत्र के मूल पाठ का वाचन एवं विवेचन करते हुए तीसरे,चौथे एवं पांचवे अध्याय का वाचन किया। उन्होंने कहा कि इस वाचन के माध्यम से हम उन संयमी आत्माओं के जीवन का वर्णन सुन रहे है जिनके गुणों को हम अपने जीवन में अंगीकार कर सकते है। पर्युषण पर्व हमारे जीवन में बदलाव का माध्यम बनना चाहिए। दोपहर में विद्याभिलाषी राजकीर्तिजी म.सा. द्वारा कल्पसूत्र का वांचन किया गया।

पर्युषण पर्व के तहत 20 से 22 अगस्त तक सामूहिक तेला तप करने वाले करीब 700 तपस्वियों का सामूहिक पारणा शनिवार सुबह सुभाषनगर स्थानक में कराया गया। चातुर्मास आयोजन समिति एवं सुभाषनगर श्रीसंघ के सदस्यों ने पारणा कार्यक्रम में सेवाएं प्रदान की। पारणा महोत्सव का लाभ गुप्त परिवार ने लिया। धर्मसभा में पारणा प्रभावना लाभार्थी अनिल कोठारी,तेला तप के लिए प्रेरणा देने वाली शकुन्तला खमेसरा, चातुर्मास समिति के सचिव राजेन्द्र सुराना, आशीष भड़कत्या, गुलाबपुरा के पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्रसिंह राठौड़ का स्वागत चातुर्मास समिति के अध्यक्ष दौलतमल भड़कत्या, उपाध्यक्ष सुनील नाहर, महावीर बाबेल, महिला मण्डल अध्यक्ष निर्मला भड़कत्या, मंजू पोखरना, नीता बाबेल आदि ने किया। पर्युषण पर्व के दौरान महासाध्वी मण्डल की प्रेरणा से त्याग तपस्याओं का ठाठ लगा हुआ है। महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने बताया कि गुप्त तपस्वियों के 28 एवं 25 उपवास की तपस्या भी चल रही है। सिद्धी तप तपस्या भी गतिमान है। तेला तप आराधना करने वालों में से कुछ श्रावक-श्राविकाओं ने आगे बढ़ते हुए चार उपवास के प्रत्याख्यान लिए। इसके अलावा तेला, बेला, उपवास, आयम्बिल, एकासन आदि तप के प्रत्याख्यान भी लिए गए। पूज्य प्रवर्तक पन्नालालजी म.सा. की जयंति पर 26 अगस्त को भिक्षु दया का आयोजन भी कराया जाएगा।

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ./भवन/25-26/231 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 22/8/2025

श्री आदिल अख्तर पुत्र श्री उमरदीन एवं श्री फिरोज खान पुत्र श्री उमरदीन निवासीगण 524/24 छोटी नागफणी बोराज रोड अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 310 /44 जो वाके बाबू गढ ऋषि घाटी गंज अजमेर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 57.60 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : खुली भूमि पश्चिम : खुली भूमि जांबाद सरकारी नाला

उत्तर : आम रास्ता बाबू गढ दक्षिण : आम रास्ता पैसेज

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/ संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर - अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता 7 बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

उपायुक्त
नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2025/2687 **आम सूचना** दिनांक : 20.8.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| भव